तने और कौन बड़ भागी । ब्रम्ह धस्यौ नरतन जिन लागी
न्दौ नन्द महर के चरणा । सहित जसोमति मंगल करणा
नकी महिमा भाग्य वड़ाई । निगमागम शिव शारद गाई
न्दौ रोहिणि पद जल जाता । कृष्णाग्रज वल देवकी माता
ीरति युत वृषभान गोप वर । वन्दौं चरण कमल जसि धर
त मात राधा रानी के ॥ त्रिभुवन ठाकुर ठकुरानी के ॥
ृष्ण कमल दृग कौ कमला के । कलुष विभंजन सब विमला के
न्दौ श्रीराधा अंबुज जिन ॥ जिनके ध्यान मिटत भवसेहन
ीत कुल सहज जहि वस ताके । प्रेम सहित गुण गावत जाके
न्दौं सो वृषभान दुलारी ॥ कृष्ण प्राण जीवन धन प्यारी

दो० राधा कृष्ण पदांबुजन वन्दौं महि सिर टेक
व्रज विलास सहित दोय तन प्रगट किये हैं एक
सो० वन्दौं युगुल किशोर रूप रासि आनंद घन ॥
दोउ चन्द चकोर प्रीति रीति रस वस सदा ॥

अपर गोप गोपी गोपाला ॥ जिनके संग विचरहिं नंदलाला ॥
गाय वच्छ वालक व्रजवासी । जिनके सखा कृष्ण अविनासी
और जाति जो व्रज हि निवासी । वन्दौं सकल सुकृत की रासी ॥
मथुरापुरी नारि नर नागर ॥ गोकुलादि जो ग्राम उजागर
श्रीयमुना सरि परम पुनीता । जासु दरस नहि यमपुर भीता
पावन वापी कूप तड़ागा ॥ श्री वृंदावनादि वन वागा ॥
खग मृग जलचर जीव विभागा । वन्दौं सकल सहित अनुरागा
वन्दौं गिरि गोवर्द्धन देवा ॥ अपर देव तिन सम नहि केवा
सुरपति मेटि जाहि हरि पूजा । आन देव तिन सम को दूजा ॥
अति रमनीय रेत यमुना तट । उपवन अमित सुभग वंसीवट
जहं जहं श्री हरि धेनु चराई । सुंदर श्यामल कुंवर कन्हाई

कीनो बाल विनोद नंद जसोमति के अजिर

गर्ग आइ लक्षण पुनि भाषे

पुनि बाल निसंग खेल निसारो | बाल खेल लीला अनुरागे

विप्र पाप जैसे छुद्र कीनो॥ | चंदा हेत बहुरि हठ

कानछेदन लीला सुखदाई॥ | कहिहौं सब आनंद बधाई

पुनि हरि खेलत माटी खाई | जसुमति ले सांटी उठि धाई

माता आगे जिमि मुख बायो

सालिग्राम मेलि मुख लीन्हों | नंदहि पूजा में सुख दीन्हों॥

सनकादिक हित जिमि अकुलाये

ग्वाल संग बहुरि अनुरागे॥ | माखन चोरी के रस पागे॥

बहुरी माता क्रोध उपायो॥ | भक्त हेत दांवरी बंधायो॥

यमलार्जुन वृक्ष उद्धराये | धनद सुतन के पाप नसाये।

पुनि बन गोचारन मन आन्यो | ग्वालन संग जान हठ ठान्यो

दो॰ बहुरि जाय बन में हन्यो बत्सासुर नंदनंद
ग्वाल संग आनंद सहित घर आये सुखकंद

सो॰ सो कवि के विस्तार प्रेम सहित अब वरनिहौं
निजमति के अनुसार ब्रजवासी प्रभु के गुणन॥

गोदोहन जैसे पुनि कीनो॥ | मातु मात ब्रजजन सुख दीनो

मोती बये नंद के धामे॥ | सुरनर लखि चकृत भये जामे॥

बहुरि जाय बन नंदकुमारा | बका असुर को बदन विदारा

बहुरी बाल चरित चित दीने | भौंरा चकई खेलन लीने॥

श्री राधा सों प्रीति दृढ़ाई॥ | कीने चरित लोलन सुखदाई॥

अघा असुर मारो पुनि जाई | ग्वालन संग छाक बन खाई॥

भयो मोह जिमि विधि के मन में | बालक बच्छ हरे तिन बन में॥

तिनको रूप आप प्रभु कीने॥ | ब्रज के बासिन को सुख दीने॥

सो सब कहिहौं करि बिस्तारा। अघनासन प्रभु चरित उदारा
श्री वृषभानलली पुनि आई जैसे हरि सौं गाय दुहाई ॥
कहिहौं सो रस कथा सुहाई। अति बिचित्र जन मन सुखदाई
बहुरौं धेनुक को वध कीनो ॥ बिष जल तें ग्वालन रख लीनो

दो० पुनि नाथ्यौ कालो उरग जल मैं पैठि मुरारि॥
जमुना जल निर्मल कियो ब्रज तें दियो निकारि।
सो० कियो दावा नल पान राखि लिये ब्रज लोग सब
जिनके कृपा निधान सदा भक्त संकट हरण॥

बहुरि प्रलंब असुर ब्रज आयो खेलन में हरि ताहि नसायो॥
पनघट जमुना तट पुनि जाई गोपिन सों रस कियो कन्हाई
चीर हरण लीला पुनि कीन्ही कहिहौं सकल प्रेम रस भीनी
पुनि वृंदावन मैं सुख शीला॥ ग्वालन संग करी जो लीला
वृंदावन की महत बड़ाई ॥ श्री मुख श्री बल जू सों गाई॥
ऋषि पत्निन सों भोजन लीनो ॥ भक्ति दान तिनकौं प्रभु दीनो
पुनि श्री गोवर्द्धन गिरि राई ॥ ब्रज थापे सुरपतिहि मिटाई
सुरपति कोप कियो यह जानी। बरख्यौ प्रलय काल को पानी
तब प्रभु गिरि कर धरि ब्रज राख्यो जै जै सब ब्रजवासिन भाख्यो
सो सब अनुपम कथा सुहाई॥ कृष्ण कृपा तें कहिहौं गाई॥
नंदहि पकरि वरुण के दासा॥ जिमि लै गये वरुण के पासा।
ल्याये श्याम तहां तें जाई ॥ ब्रज मैं भई अनंद वधाई॥

दो० बहुरौं पुर वैकुंठ जो अति पुनीत निजधाम
ब्रजवासिन कौं करि कृपा दिखरायौ घनश्याम॥
सो० सो सब कथा अनूप अति विचित्र पावन परम
कहिहौं मति अनुरूप संत जनन मन भावनी॥

पुनि जो करी श्याम सुख शीला॥ अति अद्भुत ब्रज मैं रस लीला।

श्री राधा वृषभान दुलारी ॥ और सकल व्रज गोप कुमारी ॥
तिन सो मिलि श्री कुंज विहारी । रस सिंगार लीला विस्तारी ॥
आनंद भई सकल सुखकारी । गाय तरत भव सव नरनारी ॥
जिमि गोपिन हरि सो मन लायो । प्रेम पंथ दृढ करि दरसायो ॥
गोरस ले निकसी व्रज नारी ॥ जिमि दधि दान लियो वनवारी ॥
भई प्रेम उन मन सुखारी ॥ लोक लाज तन दशा बिसारी ॥
वहुरि चरित्र कुंवर राधा के । परम पवित्र हरन बाधा के ॥
जैसे मिली श्याम सों जाई । वहुरि जैसे प्रीति दृढाई ॥
पुनि मन के चरित्र विविध वर । किये भया प्रीतम प्रान सुंदर
गर्व विरह लखि राधा परस्पर । अति रहस्य लीला सुंदर वर
कहिहौं सकल कथा सुखदाई । भक्ति रसज्ञन के मन भाई ॥

दो० देखि मुकर में राधिका पुनि जैसो निज रूप
विवस भई सो गाइहौं लीला परम अनूप ॥

सो० पुनि नैना अनुराग अरु मुरली की प्रिय कथा
कहिहौं सहित विभाग प्रेम सुधारस सो भरी

वहुरि शरद रैन अति पावन । श्री वृन्दावन परम सुहावन
तहाँ श्याम बांसुरी वजाई । घर घर ते व्रजनारि बुलाई
कियो राज रस रसिक विहारी । भई प्रेम गर्विन तहाँ नारी ॥
अन्तर ध्यान चरित नव कीनो । गर्व गोपिकनि को हरि लीनो
कियो महा मंगल पुनि रासा । वढ्यो परम आनंद हुलासा
पुनि जलकेलि करी मनभावन । कहिहौं चरित सकल अति पावन
मान चरित लीला सुखदाई ॥ कहौं वहुरि जिमि कुंवर कन्हाई
विस्तर सहित कहौं सो वरनी । भरी प्रेम रस आनंद करनी ॥
वहुरि जाइ हिंडोरा झूले ॥ भये सकल गोपिन अनुकूले
ऋतु वसंत फागुन जव आयो । कियो फागु रंग नव मन भायो

सो रस काया सकल सुख दानी ॥ मानि समान सब कहौ बषानी
पुनि विद्या घर आय नसायौ ॥ अजगर तन तैं नाहि नचायौ

दो॰ संषचूड़ मार्यो बहुरि अधम निशाचर नीच
पुनि मार्यौ वृषभासुर हरि ब्रज वासिन बीच ॥
सो॰ बध्यौ बहुरि गोपाल केसी भौमा असुर जिम
दुष्ट दलन नंदलाल कीन्हे हैं चरित पुनीत सब ॥

बहुरि आय नारद यश गायौ । सुनि कै स्याम बहुत सुष पायौ
तब हि कंस अक्रूर पठायौ ॥ लैन कृष्ण को सो ब्रज आयौ ॥
भये सुनत ब्रज लोग उदासी ॥ मधुपर चले बहुत सुख रासी
जब अक्रूर हृदय सुख पायौ । तब हरि जल मैं दरस दिखायौ
भये सुखी लखि प्रभु प्रभुताई । सो सब चरित कहौं सुखदाई
गये बहुरि मथुरा दधि दानी ॥ मार्यौ प्रथम रजक अभिमानी
बसन लुटाय सखन पहिराये । बहुरि सुदामा के घर आये
कुबजा नें चंदन हरि लीनौं ॥ ताकौं रूप अनूपम दीनौं ॥ ॥
तोर्यौ धनुष असुर बहु मारे ॥ द्विरद जीत पुनि दंत उषारे ॥
भिरे बहुरि मल्लन सौं जाई ॥ किये युद्ध तिन सों दोउ भाई ॥
जीति मल्लन कहुँ असुर संघारे । डर्यौ कंस लखि अति बल भारे
गये नृपति पहं तब दोउ भाई । दयौ मंत्र नें भूमि गिराई ॥

दो॰ मारि कंस पुनि केस धरि दियो यमुन जल डारि
उग्रसेनि राजा कियो चमर छत्र सिर ढारि ॥
सो॰ बहुरि दियो सुख जाय बंदि काटि पितु मातु की
सुन्दर दरश दिखाय भयो तहां मंगल परम ॥

कीन्है हौं चरित सकल विस्तारी । भौ भै भंजन मंगल कारी ॥
करी मधुपुरि केलो ससनाथा । कुबजा सदन बसे ब्रज नाथा ॥
नंदविदा करि ब्रज हि पठाये । किंकर तब ब्रजवासिन दुष पाये

हरि नन्दनंद आये ब्रजनाहीं । भई जसोधा व्याकुल तबहीं ॥
गोपिन सुनि हितकुबिजा हरिको । कियो परेखो अतिगिरधरको ॥
भई बिरहबस पुनि ब्रजबाला । कहिहौ सो सब प्रेम बिसाला ॥
पुनि कुलरीति जानि बसुदेऊ । हरि हलधरकों कियो जनेऊ ॥
विद्यानिधि पुनि जानन राई । विद्यापढन गये दोउ भाई ॥
पूरण काम गुरू के कीने ॥ मरेपुत्र प्रभु तिन को दीने ॥
ज्ञान गर्व ऊधो मन जानी । पठये ब्रज हरि श्याम सुखमानी ॥
सो ऊधो गोपी संवादा ॥ प्रेम भक्ति गोपिनकी मर्यादा ॥
कही सो कथा विचित्र सुहाई । भक्तिजननको अतिसुखदाई ॥

दो॰ पुनि ऊधौ जैसे गये प्रेमभक्ति कौं पाइ ॥
ब्रजवासिनकी व्यवस्था कही श्याम सों जाय ॥
सो॰ ब्रजहि रहे ब्रजराज ब्रजवासिन के प्रेमवस ।
किये सुरन के काज धारि चतुर्भुज रूप पुनि ॥

सो द्वारिका चरित्र सुहाये ॥ प्रगटपुरानन में सब गाये ॥
अतिविचित्र हरिचरित अपारा । काहू गाय लह्यो नहिं पारा ॥
संत समान बुधजन सब गावैं । गाय गाय बन पाप नसावैं ॥
हरिपदपंकज प्रीति बढावैं । मन चंचल को तहां रमावैं ॥
ब्रजविलास हरिको अतिपावन । रसमाधुर्य चरित्र सुहावन ॥
तातैं कछुक कहत हौं गाई । सब संतनके पद शिर नाई ॥
यामें कछु बुद्धि नहिं मेरी ॥ युक्ति युक्ति सब सूरहि केरी ॥
कियो सूर रस सिंधु उदारा ॥ तामें प्रेमतरंग अपारा ॥
हरि के चरित रत्न विधिनाना । ब्रजवि॰ासमो सुधासमाना ॥
पदरचना करि सूर बखान्यो । कोमल विमल मधुर रसमान्यो ॥
समय समय के राग सुहाये । अति विस्तार भाव मन भाये ॥
ताको स्वाद कह्यो नहिं जाई । कहत सुनत श्रवनन सुखदाई ॥

दो॰ आनि गाय कवि मोहन मनहिं संग गुणन के संग
कहत वनय तामें नहीं क्रम सों कथा प्रसंग।
सो॰ मेरे मन अभिलाष प्रभु प्रेरित ऐसो भयो।
कहिहौं यह रस भाव क्रम सौं कथा प्रसंग सब।

तातन निज मन की रुचि जानी। इहि विधि करौं प्रबंध सुबानी॥
द्वादश चौपाई प्रति दोहा। तहं पुनि एक सोरठा सोहा॥
कहूं कहूं शुभ छंद सुहाये। भाषा सरल न अर्थ दुराये॥
कहत सुनत समुझत मन भाई। ध्यान रूप मैं कथा सुहाई॥
धर्म कर्म नहिं नीति बषानी। केवल भक्ति प्रेम सुख दानी॥
जानि कृष्ण के चरित पुनीता। कहिहैं सुनिहैं संत सु प्रीता॥
वहुरि कहत दोऊ कर जोरी। सुनियो विनय कृपा करि मोरी॥
चूक परी जो मोतन होई। सुजन सुधारि लीजियो सोई॥
मैं नहिं कविन सुजान कहाऊं। कृष्ण विलास प्रीति कर गाऊं॥
सो विचारि कै अवगुन कीजे। काव्य दोष गुण मन नहिं दीजे॥
ऐसें सब कौं विनय सुनाई। कृष्ण चरित बरनौं सुखदाई॥
कृष्ण चरित आनंद को रासा। मंगल करण हरण भव त्रासा॥

दो॰ विघन विनासन शुभ करन तापत्रय उर शूल॥
चरित ललित नंदनंद के सकल सुखन के मूल॥
सो॰ चरण कमल उर धार श्री राधा नंदलाल के।
सुंदर रस आगार व्रज विलास वरणन करौं॥

संवत शुभ पुराण मत जानो। तापर और नक्षत्र न आनो॥
माघ सुमास पक्ष उजियारा। तिथि पंचमी शुभग शशि वारा॥
श्री वसंत उत्सव दिन जानो। सकल विश्व मन आनंद दानी॥
मन में करि आनंद हुलासा। व्रजविलास को करौं प्रकासा॥
वन्दौं प्रथम कमल पद नीके। श्री वल्लभ उर सचर जु जी के॥

सो० तिनके पद उर राषि ब्रजविलास वरणन करो
मो मन को अभिलाष पूरण करि हैं जानजन ॥

वंदन हौं सब सूर सुजाने ॥ तिन्है सूर सम सब कोउ जाने
प्रेम रूप वाणी पर कासा ॥ प्रफुल्लित अंबुज सुनि ही दासा
कृस्न रूप विन और न देख्यो जगत विषै तन सम करि लेख्यो
राखे नैन सदा करि ध्याना । दिव्य दृष्टि ही सुयश वखाना
लीला प्रयास जनम भरि गाई। रहसि केलि सब प्रगट जनाई
वाणी भांति अनेक वखानी ॥ कृस्न प्रेमरस सों लपटानी ॥
वड़े कठोर मोह वस जेऊ ॥ होत प्रेमवस सुनि कै तेऊ ॥
कीनों अति उपकार जगत कौ मारग दियो चलाय भगत कौ
मोहि वड़ाई कोउ नहि आवे। जिनको गायो सब कोउ गावे
चरण सीस धरि तिन्है मनाऊं। यह अपराध क्षमा करि पाऊं।
मोतें याहि अति होत ढिठाई। करत विस्स पद की चौपाई।
सो सम दोषन उर में धारिये ॥ सुफल मनोरथ मेरो करिये ॥

दो० अव संतन की मंडली वंदत हौं सिर नाय ॥
विना कृपा जिनकी भये हरि यश गाय न जाय।

सो० करिहैं मोहि सहाय गुण गाहक पर हित करन
तिनको सहज सुभाय संतन संत कृपाल चित ॥

संत मंडली को सिर नाऊं ॥ जिनकी कृपा विमल मति पाऊं
जिनकी कृपा विघ्न सब नासैं ॥ जिनकी कृपा कृस्न गुण भासैं
जिनकी प्रेम प्रीति फल पाई जिनकी कृपा कुमति मिटि जाई
जिनकी कृपा होइ गुण नाना॥ जिनकी कृपा सर्व कल्याना॥
जिनकी कृपा मोह तम नासैं॥ जिनकी कृपा ज्ञान परकासैं॥
जिनकी कृपा सकल सुखमूला होइ सुसंत मोहि अनुकूला॥
जैजै जै श्री कुंज विहारी ॥ नंद नंदन व्रषभान दुलारी ॥

दो॰ नमामि पद परम गुरु पुरुषोत्तम जगदीस ॥
कृष्ण कमल लोचन सुखद सकल देव मणि सीस ॥
सो॰ वन्दौ नंद किशोर वृंदावन वासी सदा ॥
श्री राधा चित चोर आनद धन मय मन हरण ॥

कहौं कथा सुन्दर सुख देनी। अघ हरणी बैकुंठ नसैनी ॥
कृष्ण चरण पंकज रति देनी जन पावन करता जिमि वेनी
श्री कालिंद तनया तट पावन बसत मधुपुरी परम सुहावन
जाकी महिमा सुर मुनि गावैं तीनि लोक पर वेद बतावैं ॥
दरसन तें नर पावन होई। कृष्ण कृपा बिन सुलभ न सोई
उग्रसेन तहां वसे नरेसा ॥ नीति निपुन सह सह धर्म सुवेशा
ताकौ सुवन कंस अति पापी असुर बुद्धि भव निज संतापी ॥
कियो तात गहि बंदी शाला आपन भयो कंस भूपाला ॥
तात अनुज तहां देवक नामा सुता तासु देवकी ललामा ॥
दई कंस वसुदेवहि ताही लोक वेद करि रीति विवाही
दायज दियो अनेक विधाना हय गज रथ पट भूषण नाना ॥
दासी दास बहुत संग दीने दान मान पर पूरण कीने ॥ ॥

दो॰ तब चढ़ाय रथ देवकी आप भयो रथ मान ॥
पहुंचावन अति हेत सों चल्यो सहित अभिमान
सो॰ तेहि छिन गिरा विशाल होत भई आकाश तें
होय कंस को काल देवकी कौ सुत आठवों ॥

कंस असुर सुनि वचन अकासा भयो चकित मन मिट्यो हुलासा
शत्रु समान देवकी मानी ॥ रथ तें उतरि पर्यो अभिमानी ॥
खड्ग निकास हाथ में लीन्हो यह विचार अपने मन कीन्हो
अबहीं याहि मारि दुख मेटौं पुनि कलेश काहे को भेटौं ॥
कोक पकरि देवै गति लानी नहि कछु का न चाहत्य कीनी

तबवसुदेव दीनह्वै कह्यौ । नृप संबोधन तौ भूप यश लह्यौ
कहीं यह पुत्रि सखा तिहारी । राजन कीजे काज विचारी ॥
सुनि वसुदेव भई न भवानी । तुमहुँ सुनी कछु नाहिं छिपानी
ताते अब सोच कित कारिये ॥ याके काहे कौ कुल मारिये ॥
रूख फलै जो विष फल भारो । नाहिं अनेक हि लेही त्यारो ॥
जौ न हि हनौं आज यह बाला । मिटै न उरते सोच त्रिकाला ॥
कन्या सौ स्याह कि तोहि दैहौं । याहि मारि उर शोच न सैहौं ।

दो० मुनि जन गुरु जन समाजे तिन्ह निकसी नहि काल
व्यथा होति है मृत्यु फल यह न उरिक मंहि पाल
सो० ये हैं तुम्हरे मान आनकदुंदुभी देवकी ॥
इन्हें न हतिये जान खेद विरोधन कीजिये ॥

पुनि वसुदेव कह्यौ कर जोरी । राजन सुनिय विनय कछु मोरी
व्यथा देवकी कौ जिन मारौ ॥ याकौ सुत है शत्रु तुम्हारौ ॥
सब सुत याके हम पै लीजौ । जीवदान याकौ प्रभु दीजे ॥
यह बाचा हम तुम ते भाखैं ॥ चंद सूर्य साखी दै राखैं ॥
भली बात यह अब हि न जानी । भावी विवश कंस हू मानी ॥
हरि कीनो चाहैं सोइ होई ॥ ताहि मिटावन हारन कोई
तिन्हैं छांडि नृप घर फिरि आये । करि अगोट दोऊ रखवाये ॥
प्रथम पुत्र जब देवकी जायौ ॥ लै वसुदेव कंस पै आयौ
बालक देखि कंस हँसि दीनो । इन तौ कछु अपराध न कीन्हों
अठवौं गर्भ शत्रु है मेरो ॥ सो दीजो तुम मोहि सवेरो ॥
यह कहि अपनो पाप कसायौ । तब वसुदेव हर्ष कौ पायौ ॥
रोसे बालक फेरि सु दीनो ॥ वसुदेव गवन भवन को कीनो

दो० तब कह्यौ पै नारद कंस पहँ लिये हस्त तल बीन
गुण गावत गोविंद के आये परम प्रवीन ॥

सो॰ उठ्यौ देखि कै कंस सीस नाय पद वंदि करि
बैठारे पर संस शुभ आसन ऋषि नारदहि ॥

समाचार जो कछु हुइ आये ॥ सो सब ऋषि कौं कंस सुनाये
सुनि नृप वचन बिहसि ऋषि बोले तुम कत रहत शत्रु सों भोले ॥
जाके भय तुम अति भय मान्यौ अठवौं कौन सु तुम कछु जान्यौ
जो वह प्रथमहि आयौ होई । देव चरित्र जान कछु कोई ॥
आठ लकीर खैंचि दिखराई ॥ गिनती मैं सब आठौं आई ॥
यह समुझाय गये ऋषि ज्ञानी कंस असुर उर अति भय मानी
तिहि छण बालक फेरि मंगायौ लै वसुदेव तुरत ही आयौ ॥
लियो मूढ गहि कर मैं ताही फटकट भयौ शिला पर वाही
याही विधि अठ बालक मारे मात पिता अति भये दुखारे ॥
कहत अहो श्री पति असुरारी तुम बिन कासौं करहु पुकारी
यह संताप मिटै कब भारी ॥ बेगि लेहु प्रभु सुरति हमारी
केहि विधि नाथ राखिये प्राना करत कंस निवंस निदाना ॥

दो॰ विपति विनासन दुख दमन जन रंजन सुरराय ॥
अब हम कौं कोउ नहीं तुम बिन और सहाय ॥

सो॰ विनती प्रभुहि सुनाय मन मन दंपति दुखित अति
होत न प्रगट जनाय कंस असुर के त्रास तें ॥

भई भूमि जब अधिक दुखारी बढ्यौ पाप असुरन कौं भारी ॥
सहि न सकी तब गौ तन धारी शिव विरंचि यह जाय पुकारी
सकल सुरन मिल कियो विचारा हम तैं नाहि उतरै भुव भारा ॥
विनय करीय चलि श्री पति पाहीं कृपा करैं तब सब दुख जाहीं
भूमि सहित सुर सकल सिधारे छीर सिंधु तट जाय पुकारे ॥
जहं श्री पति श्री सहित निवासी पुरुषोतम अविगत अविनासी
वेनुअय करि विनय सुनाई ॥ जै जै जै त्रिभुवन के साईं ॥

जै सुखकंद संत हितकारी॥ जै जगवंद भूमि भै हारी॥
जै जै असुर समूह निकंदन जै जै भक्तन के उर चंदन॥
जै जै जै प्रणतारत मोचन। दैत्य दलन सुर शोच विमोचन
जै जै जै प्रभु अंतर जामी सुनिये विनय सचराचर स्वामी
करिये प्रभु सो वेग उपाई॥ हरिये नाथ भूमि गरुआई॥

दो० धरिय मनुज तन दनुज हति करिये धरणि उद्धार
परसत पदपंकज मिटहिं सकल भूमि अघभार॥

सो० पाहि पाहि भगवंत शरणागत वत्सल हरे॥
कृपा करहु अनंत दीन दुखित जन जानि हरि

दीन वचन जब धेनु पुकारी भई गिरा नभ मंगल कारी॥
जाहु सकल सुर परभय त्यागी धरिहौं नरतनु तुम हित लागी॥
प्रथम जन्म देवै वसुदेवा॥ सो सब मांगि लियो करि सेवा॥
तुम सम पुत्र हमारे होई॥ मैं तिन्ह कौं वर दीन्हो सोई॥
तैसे नंद जसोदा जानो॥ ॥ दूध पियावन उनहि न मानो
गर्भ देवकी के अवतरिहौं बाल चरित गोकुल में करिहौं
तुमहू गोप भेष धरि होउ॥ मम संग सुख पावो सब कोउ॥
यह कहि सुरनि विदा हरि कीन्हो आयसु पुनि माया कहँ दीन्हौ
सप्तम गर्भ देवकी केरा॥ तहाँ शेष मम अंश बसेरा॥
सो आकर्षण करि छण माहीं राखौ गर्भ रोहिनी पाहीं॥
शक्ति जब हि हरि आयसु पायो तत छण ताहि तहीं पहुँचायो
हरि चरित्र कछु जानन कोई जो कछु करन चहैं सो होई

दो० तब कृपाल जन के सुखद पूर्ण शशि कलाकंत
निज आगम देवकी उदर दियो जगनाथ भगवंत॥

सो० तन दुति बढी अपार परम प्रकाशित भवन सब
आनन मुकुर निहारि अति प्रसन्न मन देवकी॥

निज मुख मुकर देवकी देख्यो। सरद चंद पूरण सम लेख्यो॥
मिट्यो तिमिर सम अति सुख पायो। जान्यो कंस काल हरि आयो॥
प्रभु आगमन जान करि देवा। आये सकल जनावन सेवा॥
नभ लें गर्भ स्तुति सब करहीं। जै जै जै जै जै उच्चरहीं॥
जै ब्रह्मा शिव सेव्य सदाई। जै वेदान्त वेद सुर माई॥
जै तीरथ पद भव निधि बोहित। प्रणत पाल जै दीनन के हित॥
जै संकल्प सत्य गुण धामा॥ जै जन वांछित पूरण कामा॥
जै गो द्विज हित नर तनु धारी। जै संतन पति गति अपहारी॥
जै कृपाल आनंद वरूथा॥ वंदत चरण सकल सुर यूथा॥
जै पुरुषारथ अमित अनूपा। महा पुरुष सचराचर भूपा॥
जै महीश नित नव गुण भावें। नदी पनाथ गुण अंत न पावें॥
जो मुनि जन मन ध्यान न आवें। भक्त अधीन वेद यश गावें॥

अलख अरूप अनीह अज प्रभु अद्वैत अनादि।
गर्भ वास सो देवकी कौतुक निधि सर्वादि॥
सो० किनहु न पायो भेव शेष महेश गणेश विधि।
नमो नमो नहिं देव पारस विचित्र चरित्र प्रभु॥

कर विनती सुर सदन सिधारे॥ परमानंद मगन मन भारे॥
तब देवै पति पास बखाने॥ कोमल वचन प्रेम सों साने॥
हो पिय सो उपाय कछु कीजे। अबकै यह बालक रख लीजे॥
बुधि बल छल पी कीजे सोई। जामें कुल को नास न होई॥
मैं मन वच अबकै यह जाना। है मम उदर देव भगवाना॥
कहा करौं कछु यत्न न पाऊं॥ कौन भांति यह गर्भ दुराऊं॥
सत्य धर्म वरु जाय तो जाऊं। पति यह सुत हित करिय उपाऊ॥
कंस धर्म सब हो हित भाखें॥ सो हरि तजि कहु धर्महि राखें॥
सुनहु प्रिया अस को हितकारी। जो यह बालक लेहि उबारी॥

सिर ऊपर बैठे रखवारे ॥ पाइन परे निगड़ अति भारे ॥
सुनहु असुरतय बंसबिनासन । केहि विधि सेउ परे तिय सासन ॥
ऐसो को समरथ जग माहीं । जो यह औसर होइ सहाई ॥

दो॰ घटघालक वध सुरति करि दंपति दुखित विचार ।
अति व्याकुल भय कंस के दृगन चली वहि धार ॥

सो॰ करुणासिंधु दयाल नात मान अति दंपतन्ह लोष ।
प्रगट भये तेहि काल दुखमोचन लोचन सुखद ॥

योगशक्ति हरि आयसु पाई । प्रगटी नंद भवन सो जाई ॥
ताके प्रगट नहो नर नारी ॥ भये नींद बस देह विसारी ॥
भादों कारी निसि अतिपावन ॥ आठे बुध रोहिणी सुहावन ॥
अखिललोकपति निजजन सुखदायक । आविजन्म लियो सुर नायक ॥
सीस मुकुट कल कुंडल कानन । सरद मयक सरस सुभ आनन ॥
चारु अरुण पंकज दल लोचन । चितवन सुखद ताप त्रयमोचन ॥
कुटिल अलक भ्रू सेचक ताई ॥ जन मन हरन परम सुखदाई ॥
पीत बसन तन स्याम तमाला ॥ उर श्रीवत्स चारु मणि माला ॥
भुजा विशाल मनोहर चारी ॥ शंख चक्र गद अंबुज धारी ॥
अंग अंग भूषण सब नीके ॥ परम विचित्र भावने जी के ॥
चरणसरोज उदित नख जोती । कमल दलन गखे जनु मोती ॥
परम प्रताप सुभग शिशु भेषा । अद्भुत रूप देवकी देखा ॥

दो॰ देखि असित छवि चकित मन पतिहि लियो बुलाय ।
दंपति परमा नंद मन परे हर्ष सुत पाय ॥

सो॰ भरे प्रेम जल नैन अति सनेह व्याकुल हियहु ।
बोले गद गद बैन जोर पाणि विनती करत ॥

प्रभु कोइ विधि गुण निषधानी । तुव माया वस तुमहि न जानी ॥
सहसानन जाके गुण गावै । नेतिनेति जेहि निगम बनावै ॥

जाका भ्रू विलास अन आसा। औरक्त लोक उपजे अरु नासा॥
जो स्वरूप मुनि ध्यान लगावैं। कृपा करहु नव दरसन पावैं॥
जो सबतें पर अज अविनासी। सो किमि कहिय उदर ममवासी॥
परम पवित्र चरित्र तुम्हारे॥ मोहत हैं प्रभु मनहि हमारी॥
सुने प्रेम रस प्रभु मन भाये। तात मात के वचन सुहाये॥
बोले तात मात सुख दानी। मधुर मनोहर अम्रत बानी॥
सुनहु मात मैं तुमहिं सुनाऊं। प्रथम जन्म की कथा बताऊं॥
तुम जाच्यौ मोहि करि तपभारे। तुम समान सुत होय हमारे॥
जन हित बिरद मोर श्रुति गायौ। सो कैसें करि जात लजायौ॥
तातें मैं वर तुमकौं दीनौं॥ सो हम आय सत्य अब कीनौं॥

दो॰ शिव ब्रम्हा सनकादि मुनि ध्यान सकत नहि पाय
सो मैं तुम्हरे प्रेम वस दियो दरस निज आय॥

सो॰ कौतुक निधि सुरराय करन चरित सुनि मन हरण
महा मोह उरछाय दियो बहुरि पितु मात मन॥

करहु तात अब वेग उपाई॥ हमहिं कंस तें लेहु बचाई॥
गोकुल हमहिं देहु पहुंचाई। जहां जसोदा कन्या जाई॥
मोहि राखि जसुदा के पासा। कन्या ले आवहु अन यासा॥
सो कन्या ले कंसहि दीजै॥ तात हमारो नाम न लीजे॥
ऐसेंहि मात पितहि समुझाई। भये तुरत शिशु यदुकुल राई॥
देखि चरित सुनि प्रभु की बाता। विस्मय हर्ष विवश पितु माता॥
सुत उठाय उर सों लपटायो॥ प्रेम विवश लोचन जल छायो॥
कहति देवकी पति सुनि लीजे। गवन वेग गोकुल को कीजे॥
जब लगि सुनहि न दुष्ट हत्यारो। मन बच क्रम नृप कोन पत्यारो॥
बने नाथ उर धीरज धारे॥ नाहिन इतने भाग्य हमारे॥
जो यह सुख नैनन पुट पीजे। ऐसे सुत को यश सुनि लीजे॥

दरसन सुखित दुखित महतारी । सोचति चित कलक सभय भारी ॥

दो० मनिमें धिय रीरू धीनी मिभट घेरे चहुँ ओर
कौन भाँति जैहै दई पाइन निगड़ अति घोर ॥
सो० परषत आनि अलजोर धनारा जव कमकलपघ
दीय यमुन आनि जोर पारुफत्व नाविधि पाइ हैं ॥

कहा करौं अब काहि पुकारौं । कौन भाति धीरज उर धारौं
कंस सरोस नवहि छिन मारो । विनती कर पति विया उवारो
ऐसे सुन विछुरत महतारी । कौन भाँति जीवै दुख भारी ॥
कृपा समुद्र भक्त सुख दाता । सुनत मात की आरत बानी ॥
कृपा करी सब भ्रम भय टारे ॥ गिरे निगड़ पायन ते भारे ॥
तब बसुदेव हरषि ते हि ठाहीं । लख धेनु मनसी मन मारौं ॥
पुत्र गोद लै तुरत सिधाये ॥ द्वारक पाट खुले सब पाये ॥
रखवारे सब सोवत देखे ॥ सपदि चले उर हरष विशेषे
तबहीं मघवा रोष निवारी । मंद समीर भई भ्रम हारी ॥
हरि मुख चंद प्रभा तम नासे ॥ क्षण क्षण तडित पंथ परकासै
प्रभु पर शेष छाह फन छाई ॥ आगे सिंह डहाडत जाई ॥
सो बसुदेव न जानत भेवा ॥ पहुँचे जाय यमुन तट देवा ॥

दो० सरिस देखि गंभीर अति मन में सोच विचारि
गोकुल के सन्मुख धस्यौ प्रभु प्रताप उर धारि ॥
सो० यमुना पति पहिचानि मन आनंद हुलसी हियो
परसन हित पद पानि अति प्रवाह उछ्यो उठ्यो

गुलफ जघ कटि लौं जव आयौ । तवहीं कौ कछु ऊर्द्ध उठायौ
ज्यौं ज्यौं सुत बसुदेव उठावैं । त्यौं त्यौं जल ऊपर चढ़ि आवैं
नाक परियत नीर जब आयौ । तवहरि पद अधकौं लटकायौ
पर्शि नीर हुंकार हिं दीनो ॥ तुरत हि भयो गुलफ तैं हीनो

भयो पार लै के घन स्यामहिं। गये वसुदेव नंद के धामहिं
तहां सकल जन सोवत पाये। सुत लै जसुमति पास सिधाये
कन्या तहां पुनीत निहारी॥ लई उठाइ राषि दै त्यारी॥
फिरि फिरि सुत कौ वदन निहारी। चले तुरत भै कंस विचारी॥
जो संपति निगमागम गाई॥ योगी जनन जानि नहिं पाई
सनकादिक सव वसविधि माना। शंकर जासु धरत हैं ध्याना
सारद नारदादि जस गावैं॥ सहसवदन हूं पार न पावैं॥
अहो विलोकहु भाग्य वडाई सोई सोवत जसुमति पाई॥

जहां देवकी प्रेम वस अति व्याकुल अकुलात
वालक अरु वसुदेव कहिं पठय वहुत पछतात
वैठत उठत अधीर व्याकुल सौरी सेज पर॥
सोचत नैनन नीर वोल सकत नहिं कंस भय

मन मन सुर मनाय सनमानै। मत यह भेद दई कोउ जानै
रखवार कहुं जानन जाहीं॥ मत कोउ दुष्ट मिलै मग माहीं
यातें अधिक सोच मोहि भारी। क्यों दुरी है शशि सुख उजियारी
मग महं यमुना अति गंभीरा। केहि विधि पहुंचै गे उहतीरा
गोकुल पहुंचे धौं मग माहीं। भई वेर पति आये नाहीं॥
एहि विधि सोच विवस अकुलाई। इक छण कल्प समान विहाई
पहुंचे वसुदेव तेहि छण जाई। पूछन लगी पुत्र कुशलाई॥
केहि विधि पुत्र राषि पति आये। समाचार वसुदेव सुनाये॥
कन्या दई देवकी हिं जवहीं। द्वारक पाट गये लग तवहीं।
वेरी हुइ गई पग तत काला। कन्या रोय उठी तेहि काला।
चहुं दिस जाग परे रखवारे॥ तुरत कंस पहिं जाय पुकारे।
सुनतहि रोदन धनि असुर आयो लीने खड्ग तहां चलि आयो
कन्या लै तव देवकी आगे राखी आय॥

दीन वचन आधीन ह्वै कंसहि दियो सुनाय ॥
सो॰ अहो भ्रात बलवान तुम हम कौं अब दीजिये
है कन्या जिय जान यातें भय तुम कौं नहीं ॥ ४ ॥

सुनत कंस भगनी की बानी ॥ मृत्यु त्रास तें सठ रिस मानी
यातें कछू होइ छल कोई ॥ को जानै विधना गति गोई ॥
यह विचार कन्या गहि लीनी । पटकन की मनसा तेहि कीनी
कर तें छूट गई आकाशा । दिव्य रूप तहँ कियो प्रकाशा
बोलत भई गगन तें बानी । अरे मंद मति अधम अज्ञानी
मम हत्या तें लई बलाहीं ॥ तेरौ रिपु प्रगट्यौ ब्रज माहीं
सर्प ग्रसित जिमि दादुर होई । मारौ खान चहत सठ सोई
तैसे तू चह मारन मोही ॥ आयौ काल निकट सठ तोही
ऐसें कहि कर स्वर्ग सिधारी । कंसहि सोच भयौ सुनि भारी
पर्यौ देवकी चरणन माहीं । मैं मारे तुव पुत्र वृथा हीं ॥
क्षमा करो मेरौ अपराधा ॥ है विधि की गति अलख अगाधा
वसुदेवहु मन क्षमा कराई । निगड़ दिये पग तें कटवाई

भयो सोच व्याकुल सदन पौढ़ि सेज पर जाहि ।
जागत ही बीती निसा नींद परी कहुँ नाहि ॥
सो॰ हरि के चरित अनूप असुर विमोहन सुखद
तरन परन भव कूप जे प्रेम गावहि सुनहि

जसुदा जब सोवत तें जागी । सुत मुख देखन ही अनुरागी
पुलक अंग उर आनंद भारी । देखि रही मुख सोभ उजियारी
गदगद कंठ न कछु कहि आयौ । हरषवंत ह्वै नंद बुलायौ
आयहु कंत पुत्र मुख देखो । बड़ो भाग्य अपनो करि लेखो
भये प्रसन्न आज सब देवा । सुफल भई सबहिन की सेवा
सुनत नंद पिय तिय की बानी । प्रेम मगन तन दशा भुलानी

हर्षनि उठि अति आतुर आयौ । जसुमति सुतकौ वदन दिखायौ ।
देखत सुख उर सुख भयौ जैसौ । कहि न सकहिं सुनि सादर तैसौ ।
कहा कहौं तिहिं सरणकी शोभा । मनहुं महा छीवन रू के गोभा ।
आनंद मगन नंद मन माहीं । जानत नाहिं हम कौ कोह ठाहीं ।
रोय उठे तब नंद के लाला ॥ जागि परे सब ग्वालनि ग्वाला ।
जित तित ते हर्षित उठ आये । मनहुं रंक धन लूटन आये ॥

दो०ः देहिं बधाई नंदकौ परे जसोधा पाय ॥ ॥
कहैं पियारे लाल कौं नैक हमहिं दिखराय ॥
सो०ः अति हर्षित नंदराय कह्यौ बजावन सोहिलौ
नारि उठीं सब गाय लाग्यौ बजन बधावरौ ॥

छंदः सुर सिद्ध मुनिंदा परम अनंदा सुनि गोकुल हरि आये
दुंदभी बजावत मंगल गावत तियन सहित उठि धाय
विद्याधर किन्नर सुघर कंठ वर करत गाव सचु पाये
गरजन तिहिं काला मधुर रसाला घन गनि जतन जनाये
बाजत करताला वरखत माला सुरतरु सुमन सुहाये ॥
सब करैं कलोलें हर्षित डोलैं जै जै जै सुख पाये ॥
नभ महं धुनि होई सुन सब कोई भये सबन मन भाये
संतन हितकारी असुर संघारी आवत क्षिति सुष छाये
शिव ब्रह्मादिक मुनि सनकादिक परम प्रफुल्लित गाना ।
गुण गण सब गावैं प्रभुहिं सुनावैं आनंद उर न समाना ।
भये मन चीते सब भय बीते प्रगटे दनुज निपाता ॥
अति मन महं हर्षे पुनि पुनि वर्षे सुमन जु सुर तरु जाता ।
सुर तिय मन माहीं निरषि सिहाहीं जसुमति के बड़े भागा
हम सम हम नाहीं पुन्यन माहीं कहै सहित अनुरागा
योगी जे हिं ध्यावैं ध्यान न आवैं करि कोरि योगादि सुमा

छं० जो वेदन जाने नेति वषाने सो सुत ह्वै घर मांग

दो० परे परम आनंद सुर उपजावत अनुराग ॥
वार वार वरनन करें नंद जसोमति भाग ॥

सो० ह्वै सदन सुर भूप गोकुल को उत्सव निरषि
जन्म मंगल मूल व्रजवासी हर्षित सवै ॥ ७ ॥

व्रजवासिन सवहिन सुन पायौ । नंद महर घर ढोटा जायौ ॥
परस्या नंद लोग सव धाये ॥ नंदराय नव विप्र वुलाये ॥
कादिल विप्र महत्यो गासि धायौ आनि विचित्र सव द्विजन सुनाये
करत वेद धुनि अति सुखदाई देहिं नंद को सकल वधाई ॥
तव स्नान महर उठि कीनो भाल तिलक चंदन ले दीनो ॥
जात कर्म करि पितर पुजाये भूषण वसन द्विजन पहिराये
गैया पयस सवत्स सुहाई ॥ वादी वृषन वीन मंगाई ॥
सव विधि सकल पलकुन कीनी करि संकल्प द्विजन कौं दीनी
मुदित विप्र सव देय असीसा चिरजीवहु सुत कोटि वरीसा
हेसि हेसि वहुरि महर नंदराई हितु कुटंव सव निकट वुलाई
वहु सुगंध सौं तिलक वनाये भूषण वसन विविध पहिराये
हुते जो कुल मे वांधव जिठेरे ॥ दिन सौ पाय परे सव केरे ॥

दो० वंदी मागध सूत गण भरे भुवन वहु आय ॥
लै लै नाम वुलाय सव परितोषे नंदराय ॥ ८ ॥

सो० मन वांछित सव लेहिं जो जाके भावै मनहिं
नंद भरे रस देहिं किये अजाची जाचकनि

सुनि सुनि धाई व्रज की नारी ॥ लेकर कमलन कंचन थारी
मंगल साज साज सव लीने ॥ सहज सिंगार सुभग तन कीने
चार चोरी लनदृग कजरारे ॥ भाल तिलक कच मांग संवारे
आनि संदूर रोना कानन ॥ येरी रंग किये कछु आनन ॥

अंगिया अंग कसे छवि छाजै । विविधि भांत उर हरष विराजै ॥
अति आनंद मगन मन फूली । अंचल उड़त समारन भूली ॥
निज निज मेल मिली सब गावैं । विरहति नंद धाम कों आवैं ॥
इक भीतर इक आंगन माहीं । इक द्वारे संग पावत नाहीं ॥
सब कों जसुमति निकट बुलावें । मुख उघार सुत कौं दिखरावें ॥
देहिं असीस परो शिशु पायन । जीवहु जब लगि नभ तारायन ॥
पूरण काम भयो व्रज सारो ॥ धन्य जसोदा भाग्य तिहारो ॥
धन सो कोख जहां सुत राख्यो । पुन्य तिहारो जात न भाख्यो ॥

दो० धन्य दिवस धन रात यह धन्य लग्न तिथि वार ।
जहं जायो ऐसो सुवन थिर थाप्यो परिवार ॥

सो० पुनि पुनि सीस नवाय देहिं असीस मनाय सुर ।
जियहु सुवन नंदराय रूप अचल कुल की धुजी ॥

परमानंद नंद अनुरागे ॥ चित्र विचित्र वस्त्र बहु मांगे ।
सारी सुरंग कसब के लहंगे । अति चटकीले सोभन महंगे ॥
सिगरी वधू बोलि पहिराई । जो जैसी जाके मन भाई ॥
देहिं असीस मुदित ब्रजनारी । फूली कमल कली सी न्यारी ॥
एक हसि निज निज ग्रह जाहीं । इक हुलसी आवैं ग्रह माहीं ॥
एक कहे एकन सों धाई ॥ हौं यह बात भली सुनि आई ॥
महरि जसोदा ढोटा जायो ॥ नंद द्वार सखि बजत बधायो ॥
चलहु वेगि सरिलदी ठिये सोई । विधिना चाह गली है चोई ॥
इक नाचें इक ढोल बजावें ॥ एक नंद को गारी गावें ॥ ॥
एक साथिये द्वार बनावें ॥ एक चंदन कौं वारि वधावें ॥
ध्वज पताक तोरण छिरकाई । घर घर होत अनंद बधाई ॥
पुनि पुनि कुसुम देव बरसावें । फूलन सों सब गोकुल छावें ॥

दो० ध्वज पताक तोरण कलस बंदनवार दुवार

गोपन के घर घर षैधी घर घर मंगलचार ॥ ॥

दो॰ नंद सदन सविचार वरनि सके सो कौन कवि
लियो जहां अवतार छविसागर त्रिभुवन धनी

ग्वाल वृंद सब सुनि उठि धाये । ग्वाल वृंद सब निकट बुलाये ॥
सषिपन धातु चित्र सब कीने । गुंजाभूषित भूषण लीने ॥
यद्यपि अरु भूषण तन माहीं । तद्यपि पहिरन गुंज सुहाहीं
एक कहै एकन समुझाई ॥ आजु बनाहि कोऊ नहिं जाई ॥
गैयों सेयन सहस बनावो ॥ चित्र विचित्र वेगि है ल्यावो
पूत नंद के घर है जायो ॥ भयो सबन को मन को भायो
करत है गहर करत बिन काजा । वेग चलो मत सहित समाजा
दधि माखन के माट भराये ॥ ककुहूक हरदी रंग मिलाये ॥
लिये सीस पर कौतिक गावें ॥ कौतिक नाच मृदंग बजावें ॥
मिल मिल निज निज यूथन माहीं । नंद सदन निरखन सब आहीं
देखि नंद अति आनंद पावै ॥ हँसि हँसि सबको निकट बुलावें
छुद्र छुद्र चरण भेट धरि आगे ॥ देहिं बधाई अति अनुरागे ॥

दो॰ नाचत गोपन मगन भई नंद सदन जो भीर
जनु आये उत्साह सब धरि धरि गोप शरीर ॥

सो॰ देह धरे आनंद मनहु नंद तिनमधि लसै ॥
जनमे आनंद कंद कहन सकहिं मुख सहस सुख

इक नाचत इक गावत ठाढ़े ॥ इक कूदत अति आनंद बाढ़े
छिड़कत एक दूध दधि डोलै । एक कुलाहल करत कलोलैं ॥
मचो नंद घर दधि को कांदो ॥ वर्षत दूध दही जनु भादो ॥
एक धाय एकन पै जाहीं ॥ एकै मिलन डार गल बाहीं ॥
एक एक के पायन परहीं ॥ इक दधि दूध अक्षत सिर धरहीं
अति उछाह सबके मन माहीं । रंक राव गवन कछु नाहीं ॥

गोकुल मध्य देखिये जित हीं करत गोप कौतूहल तितहीं
एक लूट नंद कौं लेहीं ॥ एकै एकन कौं धन देहीं ॥
एकन हित करि नंद बुलावैं पट भूषण तिन कौं पहिरावैं
एक कहैं हम तब कछु लेहैं जब लालन मुख देखन पैहैं
एक जो एकन तें कछु लेहीं ॥ ते निसंक एकन कौं देहीं ॥
अति आनंद मगन पसुपालक नाचत तरुण वृद्ध अरु बालक

दो० गोकुल कौ आनंद सब काप वरनो जाय ॥
जहां परम आनंद मैं लियो जनम हरि आय ॥
सो० नित नव होय विलास हरि मुकुंद के जनम तें ॥
व्रज संपदा सुपास सुर मुनि हो कौतुक निरखि ॥

जब तें जन्म लियो हरि आई ॥ सुख संपति व्रज घर घर छाई
ये सब उदारस पर वीना ॥ सब सुन्दर सब रोग विहीना ॥
मुदित जहां तहं सब व्रजवासी सब जसुमति सुत प्रेम उपासी
संपा सदन वरन्यौ किमि जाहीं सत सुरेस लखि विभ्रम जाहीं
अति प्रकास मंदिर के माहीं केलि रही हरि छवि की छाहीं
ग्वाल गाय गोपन की भीरा ॥ कहुं दधि कहुं माखन हूं दीरा
भूमि बाग वन गिरि रमनीया खग मृग सरस वाक कमनीया
विटप बेलि सब सहित फूल फल दिशा प्रकाशित निरमल जल थल
सुरभी सुर सुरभी सम तूला ॥ भयो सकल व्रज मंगल मूला ॥
विभव भेद यह कोउ न जानैं । आदिहि वे हम ऐसें मानैं ॥
कृस जन्म आनंद वधाई ॥ सुर नर नाग तिहूं पुर गाई ॥
व्रजवासिन मन अधिक उछाहू ॥ कोहनहिं सकहिं सह समुख काहू

दो० व्रज को सुख को कहि सकै सुख सावधि अपार ॥
सुख निधान भगवान जहं लियो मनुज अवतार ॥
प्रगटे गोकुल चंद संत कुमुद वन मोद कर ॥ ॥

सो० तसकुल असुर निकंद ब्रजजन चारुचकोर हित

नितनव सौर नंद के द्वारे ॥ जाचकजन सब होंहि सुखारे
गांव गांव ते सुनि सुनि आवैं । मन भायौ सब कोऊ पावैं ॥
पांच दिवस इहि विधि सुख पायौ । छठ्यौ दिवस छठी कौ आयौ
मंदिर सकल सुवास लिपायौ । जहां तहां छिरकत करि धायौ
चौकी चारु सुगंधि मचाई । द्वारे बंदन वार सुहाई ॥
ज्ञाति कुटंब मित्र हितु जेते । नंदराय न्यौते सब तेते ॥
ठौर ठौर बहु व्यंजन होई ॥ द्वारन बंदन वार सु होई ॥
गोपवधू सब वनि वनि आवैं । लालन को पहिरावन ल्यावैं
जरकसि कुरता भूषण टोपी । रत्न समेत प्रेम रंग ओपी ॥
रोरी अक्षत पान मिठाई ॥ चौथरि कंचन थारनि ल्याई
गावहिं मंगल कोकिल बानी । नंद भवन आवहिं हरषानी ॥
करि आदर जसुदा बैठावैं ॥ देखि स्याम घन सब सुख पावैं

दो० वृषभानादिक गोप सब ब्रजवासी समुदाय
आये सब नंदराय गृह भूषण बसन बनाय ॥

सो० अति आदर करि नंद सुभ आसन दीने सबन
सबके मन आनंद बजत दुंदुभी नचत नट ॥

कहूं ग्वाल गावत हैं होरी । कहूं खिलावत गाय घनेरी
वंस प्रसंसा भाट सुनावैं ॥ किन्हूं ढाढी ढाढिन गावैं ॥
देहिं गोपगन तिन कौं दाना । भूषण वसन धेनु मणि नाना
परजा सकल खिलौना ल्यावैं । अति अद्भुत कापै कहि आवैं
धरहिं नंद के आगे आनी ॥ राखहिं सब अति प्रिय सुख मानी
तिनहीं देखिं निछावर हीरकी । कोमल स्याम सुंदर वपु की
विस्वकरमा पलना गढ़ि ल्यायौ । रत्न जटित सुरंग सुहायौ ॥
लगे विविधि खिलौना वामैं । देखत भूलि रहे मन जामैं ॥

लालन हित सौं नंद रखायौ । विस्वकरमा मनवांछित पायौ
ऐसें दिवस यामयुग पायौ । तव सव गोपन नंद जिमायौ
फिरिकि सुगंध पान करदीनौ । तव सव गोपन भोजन कीनौ
मंगल में रजनी जव आई ॥ गाय उठी सव नारि सुहाई ॥

दो॰ कुरता टोपी पीत रंग लालन को पहिराय ॥
लै उछंग पूजन छठी वैठी हरषित गाय ॥

सो॰ करि कुल कौ व्यौहार करी आरती स्याम की
करत निछावर नारि तन मन धन शशि मुख निरखि

नेग योग सव नेगिन पायौ ॥ दियो सवनि जसुदा मनभायौ
प्रातहि उठि लालन अन्हवायौ । सुदिन सोधि पलना पौढ़ायौ
निरखि निरखि जसुदा वलजाई । अरुण चरण कर कोमलताई
व्रजवासी जीवन नंदलाला । मात सुमंगल फल मदन गोपाला
नित नव मंगल होहिं सुहाये । मंगलनिधि जवतें हरि आये
नंद सुकृत वरषा ऋतु सोई ॥ जसुमति सुकृत अकाश वनोई
लहि घनस्याम स्यामतन उनये । मंदहसिनि दामिनि दुति जुनये
रदजन मंद मधुर किलकारी ॥ व्रजजन मोरन आमद कारी ॥
दादुर गुणगण गावहिं दासा । परम प्रीति अम परम हुलासा
पलना पचरंग मणिछविछाई । इंद्रधनुष उपमा निज पाई ॥
गजमुक्तन कीलर लटकाई । सोई मानो वगपांति सुहाई ॥
द्रग घर घर सुख संपति छाई । सोई मनहु भूमि हरि आई ॥

वरषत परमानंद जल नंद सदन जग माहिं ॥
ध्यान भूमि हरि सरित मग जनउर सिंधु समाहिं
पूरण होत सुनाहिं जद्यपि निसिवासर नरन ॥
वढत लहरि पुलकाहिं हरि मुख शशि एक निरखि

कंसहिं वहां नींद सुखनाहीं । आतचिंता व्याकुल मनमाहीं

ऐसो निकसि सभा उठि प्राता। मंत्री बोलि कही यह बाता॥
मेरो रिपु प्रगट्यो ब्रज माही। कौन भांति पाइ स्यावो ताही॥
जातें जाय वेगि वहु मारौ॥ ऐसो तुम कछु मंत्र विचारौ॥
दिन दिन वडो होय सब सोई। को जाने फिरि कैसो होई॥
बोल्यो एक असुर सुनि राजा। क्यो डरपत इतने के काजा॥
मोपै एक मंत्र सुनि लीजे॥ धर्मकाज कछु होन न दीजे॥
जपतप होम होन नहिं पावै। विप्र न साधन असुर सतावै॥
तो बुध देव होइ गो कोई॥ सो ह नहिं सकहि प्रगट है सोई॥
सब तेहि असुर आय संहारें। या विधि शत्रु तुह्मारो मारें॥
बोल्यो एक वात यह नीकी। औरौ सुनहु हमारे जीकी॥
देश देश को असुर पठावो। बालक मारक के जे पावो॥

दो॰ तिन सबहिन कों वध करें बचन न पावै कोइ।
इन नहीं में वहु होइगो मारो जेहै सोइ॥१॥

सो॰ कह्यो कंस हरखाइ कहे मंत्र दोऊ भले॥
पठवहु असुर निकाय जाय करौं का रज संभार॥

याविधि असुर विदा सब कीनो। बालक वधन कों आयसु दीनो॥
कह्यो आय ब्रज येगि हि सोई॥ तहां के बालक मारें जोई॥
कह्यो पूतना आयसु पाऊं॥ तो यह काज मैं करि ल्याऊं॥
सकल गोप शिशु जाय नसाऊं। जो कहिये तो जीवत ल्याऊं॥
क्षण में रूप मोहनी धारौं॥ वसीकरण पढ़ि सब पर डारौं॥
घसि कंकोल अरु रोचन ल्याऊं। ब्रजवासिन के बाल पियाऊं॥
तौ पूतना नाम कहवाऊं॥ जो नृप को काज करि आऊं॥
सुनत कंस नेहि आयसु दीनो। सुनत हिं वचन गवन तिन कीनो॥
ता दिन नंद मधुपुरी आये॥ राजकंस फल नृप कहं ल्याये॥
नृप दरवार ताहि पहुंचायो॥ समाचार वसुदेव को पायो॥

छांडि वंद तें नृपतें गाखें ॥ हते मित्र सुन कै अभिलाखें
मिलन गये तिन कौं नंदराई उठि वसुदेव मिले हरषाई

दो॰ कुसल पूछि कर परसपर वारंवार स प्रीति
वैठारे नंदराय ढिग कीरि कै आदर रीति ॥

सो॰ तव वोले नंदराय सुनिये देव भावी प्रवल
तासों कछुन वसाय जगत भ्रमत जाके विवस

तुम अति कष्ट कंस तें पायौ सुनि सुनि वहुत भयो पछितायौ
आजु देषि के चरण तिहारे भये हमारे नैन सुखारे ॥ ॥
तव वसुदेव कही मृदु वानी अहो नंद तुम सत्य वषानी ॥
कर्म रेख नाहिं जात मिटाई ॥ विधि की गति कछु कही न जाई
कह्यौ नंद सुत भयो तुम्हारे । तव तें अति सुख भयौ हमारे
तुम को जरा आय नियराई ॥ वड़ी वैस विधि भयौ सहाई ॥
तव नंद हलधर जन्म सुनायौ ॥ प्रथम हिं तिनहिं रोहिणी जायौ
तिनकौं उत्सव प्रगट न कीन्हौ कंस त्रास अपने उर लीन्हौं ॥
सुनि वसुदेव वहुत सुख पायौ तव ऐसें कहि वचन सुनायौ
सुनहु नंद तुम नीके जानों ॥ कंस नृपति कत नाहि छिपानों
तातें अव वे दोउ वालक ॥ अपने मान करौ प्रति पालक
अव तुम वेगि गोकुलहि जाहू वालक हित पतियाहु न काहू

अथ पूतना वध लीला ॥

दो॰ जित तित पठये कंस के करत असुर अनरीति
प्रजा लोग के वालकनि तातें हैं अति भीति ॥

सो॰ गई पूतना आज व्रज कौ वालक घातनी
करि है कछू अकाज वेगि धाम सुधि लीजिये

सुनि वसुदेव वचन नंद राई । भये विदा वुस्तै भय पाई ॥

निकसत शकुन अशुभ भय मानो । ताते अधिक सोच उर आनो ॥
शिशु चखोकछु सुधि तन नाहीं । बालक कर्क चिता मन माहीं ॥
इहा पूतना ब्रज मैं आई ॥ रूप मोहनी प्रगट बनाई ॥
गरल घाटि कुच सौ लपटायो । ऊपर सरल सिंगार बनायो ॥
अतिहीं कपट छबीली सोहै । जो देखै ताको मन मोहै ॥
इत उत है नंद धाम हि पाई । देपि रूप जसुधा मन भाई
देखि रही मुख सुन्दरताई ॥ कै यह नर कै सुर की जाई ॥
काकी वधू कौन की बेटी ॥ अब लौं मन मैं कबहुन भेटी

विन पहि वाने आदर कीनौं ॥ वैठन कौं सुभ आसन दीनौं ॥
अहो महरपाल यान मेरो ॥ मैं आई सुत देखन तेरो ॥
हरि पलना परमन मुसकाई ॥ जसुमत कछु गृह काज सिधाई ॥

दो॰॥ तवहिं राक्षिसी दुष्ट अति पलना के ढिग जाय
निरखि वदन मुख चूमि कै लीनौं अंग उठाय ॥

सो॰॥ दियौ कमल मुख माहिं विष लपट्यौ अस्तन दुर
पकर दुहू कर माहिं लगे करन पय पाय हरि ॥

पय संग प्राण खिचे जव वाके ॥ है गय सिथल अंग तव ताके ॥
तव सो लगी कुढावन वालक ॥ सो को छुटे दुष्ट कुल घालक ॥
पय संग प्राण खेंचि हरि लीन्हा ॥ पठे स्वर्ग जननी गति दीन्हा ॥
परी मृतक है असुर सुनारी ॥ जोजन लौं निज तन विस्तारी ॥
जसुमति धाय देखि गृह गयो ॥ पालन पर वालक नहिं पायो ॥
त्राहि त्राहि करि ब्रजजन धाई ॥ व्याकुल विपुल नंद गृह आई ॥
अति व्याकुल जसुमति महतारी ॥ ढूंढहिं स्यामहिं रोवत भारी ॥
हरि ताकी छाती लपटाने ॥ करत चरित्र जो अचरज साने ॥
ढूंढत ढूंढत उर पर पाये ॥ लै उठाय माता उर लाये ॥
दुख सुख ताको कह्यो न जाई ॥ जिमि मणि गई भुजंग न पाई ॥
सुखित भई तव ब्रज की वाला ॥ कहति वच्यो अति नंद को लाला ॥
नंद जसोमति भाग्य वडेरी ॥ सुत की करवर टरी करेरी ॥+॥

दो॰॥ आई अद्भुत रूप धरि अति विपरीत सुनारि
कपट हेत नहिं लखि सक्यौ तेहि मार्यौ करतार ॥

सो॰॥ कहति जसोमति माय पुनि पुनि सवके पाय परि
उवर्यो आजु कन्हाइ तुम पंचन के सुराय ते ॥

वडे कष्ट यह सुत मैं पायो ॥ आज विधाता वहुत वचायो ॥
कोउ कहै भागवंत नंदराई ॥ कुल के देवन करी सहाई ॥+॥

कोऊ कहै नैकु सुतहि मोहि देरी
कोउ सुख चूमि वलैया लेई॥
क्यों कान्ह सव व्रज सुधि पाई
तवहि नंद गोकुल मे आये॥
जो वसुदेव कही ही वानी
तहे सव व्रजवासी जुरि आये
तव सुध पाय गये नंद धामहि
वदन विलोकि हरषि उर लाये
तव व्रजवासी सकल वुलाये
वाहिर एक ठौर सब कीने॥

देखहु सुख मैं पुनि तू लेरी॥
ले उछंग पुनि जसुदहि देई॥
घर घर वजी अनंद वधाई॥
देखि पूतनहि अतिभय पाये
सो सव मन मे सांची जानी॥
समाचार सव प्रगट सुनाये
देख्यो जाय सुवन घनस्यामहि
वहु नंद दान दै देव मनाये॥
अंग पूतना के कटवाये॥
अमित काय फकि तिन्ह दीने

दो॰ अतिसुगंध ता अंगते कीनो धूम प्रकाश॥
हरि अस्परस प्रताप ते व्रज सव भयो सुवास॥
सो॰ रहे अचभौ पाय व्रजवासी यकृत सवै॥
चरणकमल चित लाय नंदसुवनसोंहसागुनन

हरी ऐये माया की की कन्हिया
पुनि पलना पौढाय झुलावै॥
लालन के हित नींद वुलावै
रे लालन को आव निदरिया॥
जो कर कपट ग्वाल को आवै॥
सदा देवता या कुल केरे॥
वेगि वडो कर दे यह वालक॥
दुतिया के शशि ज्यों शिशु वाढै
सोवै मेरो वाल कन्हाई॥॥
सोवन देख मौन गहि रहई॥
अंग फरकाय अधर मुसकाने

दूध पियायो तव नंदरनियां
हुलरावैं दुलराय मल्हावैं॥
मधुरे सुर कछु जोइ सोइ गावैं
तोहि वुलावत श्याम सुंदरिया
ताहि वकी लौ विधि विनसावै
मैं पूजिहौं कमल पद तेरे॥
व्रज जन प्राण पूतना घालक
आवायो अरु डोरनि वाढै॥
माता सुख की वल वन जाई॥
जागत देखि वहुरि कछु कहई
ता छवि की उपमा को जानै॥

वार वार शिसुवदन निहारे । जसुमति अपनो भाग्य विचारे

दो० हुलरावत गावत मधुर हरि के बाल विनोद
जो सुख सुर मुनि को अगम सो सुख लेत जसोद

सो० कवहूँ लेत उछंग उर लगाय चूमति सुखहि
निरषि मनोहर अंग कवहुँ झुलावत पालने ॥

दरसन कौं नित सुर मुनि आवैं । बाल विनोद निरषि सुख पावैं
कहैं परस्पर सुर नर नारी ॥ हरि के अद्भुत चरित निहारी ॥
अलख अगोचर अज अविनासी । पुरुष पुरातन विश्व विनासी
जाको भेद न शिव मुनि जाने ॥ ब्रह्मा पढ़ि पढ़ि वेद वखाने
सो हुलरावत नंद की घरनी ॥ पूरण भई पुरातन करनी ॥
मन अभिलाष बढ़ावति भारी । हुलसन हँसन देत किलकारी
वरषि प्रसून हरषि मन माहीं । धन्य धन्य कहत ब्रज घर जाहीं
नित नव कौतुक होंहि प्रकासा । ब्रजवासिन मन अमित हुलासा
जसुदा नित नव लाड़ लड़ावैं । निरषि निरषि ब्रजजन सुख पावैं
नित नव मंगल नंद के धामा । नित नव रूप श्याम अभिरामा
भक्त वत्सल संत हितकारी । भक्तन हित नाना तन धारी ॥
भजत संत यह हृदे विचारी ॥ जन ब्रजवासी है बलिहारी

दो० जव हरि मारी पूतना सुनि डरप्यौ नृप कंस
प्रगट भयो ब्रज शत्रु मम यह जानी निरसंस ॥

सो० वसो तासु उर माहिं ताही क्षण ते अचल हरि
भूलत इक क्षण नाहिं शत्रुभाव लाग्यो भजन

अथ कागासुर वध वरनन

कागासुर नृप निकट बुलायो ॥ ताहि सतो सब काहि समुझायो
आवहु वेग नंद सुत मारी ॥ कीयहु काज वुद्धि विचारी

आयसु धरि सिर गर्व बढ़ायो ॥ काग रूप तेहि असुर बनायो ॥
वेगि चल्यो उड़ि गोकुल आयो ॥ बैरिन कालि सब थन थरायो ॥
वै कौ नंद धाम पर आई ॥ पलना पौढ़े बाल कन्हाई ॥
वाकौ आवत हीं हरि जान्यो ॥ कागन होय असुर महिं पान्यो ॥
जसुदा हरि को सोवत जानी ॥ कछु गृह काज में लपटानी ॥
तबहिं असुर पलना पर आयो ॥ चाहत हरि कौं चोंच चलायो ॥
कंठ पकरि हरि कर सों लीनौं ॥ नैक मरोरि फेंक तब दीनौं ॥
मरौ जाय नृप पास उतान्यो ॥ यह ब्रजवासी काहु न जान्यो ॥

दुष्ट कंस तेहि वृन्द न पायो ॥ बीते जाम बोलि नव आयो ॥
सुनहु कंस वुह बालन होई ॥ है अवतार महा बल कोई ॥

दो ॥ एक हाथ सों पकरि मोहि फेंक दियो तुम पास ।
है है तुमरो काल वुह मैं कीनो विश्वास ॥ २ ॥
सो ॥ सुनि डरप्यो महिपाल कागासुर के वचन सुनि
वुह सो गयो विशाल जग्यो जो उर मैं सोच तरु ॥
सभा मध्य सब असुर सुनाई ॥ वार वार सिर धुनि पछिताई ॥
व्रज मैं उपज्यो मेरो काला ॥ ताके अवही ते इह हाला ॥
दनुज सुता पूतना पठाई ॥ २ ॥ ताकौ इक क्षण मारु नसाई ॥
कागासुर के ऐसे हाला ॥ २ ॥ सो तौ दिन दिन होत विशाला ॥
है कोउ वीर जु ताहि नसावै ॥ मम कारज करि आप वचावै ॥
ऐसो कौन कहौ मैं जासों ॥ अवके जाय भिरे जो तासों ॥
असुरन कौं यो नृपति सुनायो ॥ सकटासुर मन गर्व वढायो ॥
उठि के पान नृपति सों मागे ॥ कहा काम यह मेरे आगे ॥ २
तुम प्रताप तेहि पल मैं मारौं ॥ कहौ तौ सब व्रज कौ संघारौं ॥
कंस हर्ष तेहि वीरा दीन्हो ॥ सूर सराहि विदा तेहिं कीन्हो ॥
इहां श्याम पलना पर खेलें ॥ कर गहि पग अंगुठा मुख मेलें ॥
अपने मन यह करत विचारा ॥ इह मम पद सन्तन आधारा ॥
दो ॥ ये पद पंकज सखी उर निरखत शंभु सुजान ॥
इनकौ रस मन मधुप करि करत निरंतर पान ॥ २ ॥
सो ॥ पुनि इह पद के ध्यान मगन ब्रह्म सनकादि मुनि
लक्ष्मी अति सुख मान उर ते क्षण टारत नहीं ॥ २ ॥
इन पद पंकज रस अनु रागा ॥ मगन सकल सुर नर मुनि नागा ॥
ऐसो धौं का रस इन माहीं ॥ सो तो मोहि विदित कछु नाहीं ॥
भो कौ इह रस दुर्लभ भारी ॥ देखौं धौं मैं ताहि विचारी ॥ २ ॥
ताते पद अंगुठा मुख मेलै ॥ लै लै स्वाद मगन रस खेलै ॥
ता अवसर सकटासुर आयो ॥ मगन रूप कान्हन लखि पायो ॥

भारेसकट नंद गृह केरे॥ पलना के ढिग हुते घनेरे॥
तिन मैं सो सठ आय समान्यौ। नंद सुवन तब हौं यह जान्यौ॥
ताकों हरि इक लात चलाई। गिरो सकट तब अति हर्षाई॥
दनुज निधन काहू नहिं जान्यौ। गिरो सकट गृह सबहिन मान्यौ॥
सुनत सब्द अति व्याकुल धाये। नंदादिक सब जुरि तहं आये॥
जसुमति दौरि स्याम कौं लयेऊ। सबके मन अति विस्मय भयेऊ॥
कारन कहा कहै नर नारी॥ गिर्यौ सकट आपुनि ते भारी॥

दो॰ पलना ढिग खेलत हुते कछुक गोप के बाल॥
तिनन कह्यौ डार्यौ सकट पलना नैं नंद लाल॥
सो॰ सो नहिं करी प्रतीति काहू बालन कौं कह्यौ॥
यह नौ कछु विपरीति भई कुशल अति स्याम की॥

जसुमति अति मन मन पछिताई। भये आजु कुल देव सहाई॥
बार बार उर सो सुत लाई॥ निरषि नंद पुनि पुनि बलि जाई॥
मेरे निधनी के धन छैया॥ लगे मोहि तेरी रोग बलैया॥
ऐसे बहु विधि लाड लड़ाये। पय पियाय पलना पौढाये॥
मंद मंद कर ठोक सुलावैं। कछु यक मधुर मधुर सुर गावैं॥
सोवत स्याम सुभग सुंदर वर। चौंकि चौंकि शिशु सदा प्रगट कर॥
लये मात कीनें यों सपटाई॥ मनों फाए मों एउर माहिं दुराई॥
प्रात निरषि सुख आनंद कीनो। चूमि वदन सुत कौ पय दीनो॥
कोमल धाम अजिर जब आयो। तहं तुम पलना पर पौढायो॥
आय मथन दधि भक्ति सिधारी। नंदहि सुत के ढिग बैठारी॥
निरषि नंद सुत आनंद भारी। कमल वदन छवि कहे निहारी॥
चुटकी दै दै सुतहि खिलावैं। निरषि निरषि सुख अति सुख पावैं॥

छिन लौंकि उठे लीं विताल सुषकर पद हग अनुराय।
रूप रसद कि उलटे परे सुख निधि त्रिभुवन राय॥

सो० सो छवि कहिय न जाय निरषि नंद टेरत महरि
आपन सकल उठाय अति कोमल मम संकुच मन

नंद हि टेरत सुनि नंदरानी॥ तजी तुरत दध मथन मथानी
जानै महरि गिरे सुखदाई । ताते अति आतुर उठि धाई
नंद हि देषि हंसत तिन पासा। नव धी रज धरि कियो हुलासा
उलटि पर्यो सुत देखो आई। उठन सकल कर से जल गाई॥
सो छवि निरषि मातु सुष पायो। तुरत मुदित उलटाय उठायो
उर लगाय मुख चूंबन लागी॥ कहत आज मैं भई सभागी॥
पिटु करि नाहीं उलटन लागे। डेढ़ मास के भये सभागे॥
चिर जीवहु मेरे कुंवर कन्हाई। आज करौं मैं अनंद वधाई॥
नंदरानी ब्रजनारि बुलाई॥ यह सुनि सब आनंद कर धाई
हरि कौं निरषि परम सुख पायो। हर्षित सबहिन मंगल गायो
बांटी घर घर पान मिठाई॥ नंद सुवन ब्रजजन सुखदाई
धनि धनि ब्रज की बाल सभागी। हरि के बाल चरित अनुरागी

जननी अति आनंद भरि निरषत श्यामल गात
जैसें निधनी पाय धन मुदित रहति दिन राति॥
धनि धनि ब्रज को वास धन्य यशोदा धन्य नंद
धनि ब्रजवासी दास जिनको मन या प्रेम मगन॥

अथ तृणावर्तवध लीला।

जसुदा भाग न जात वखानैं। त्रिभुवन पति कौं सुत करि मानैं
हरि कौं गोद लिये पय प्यावै। विविध भांति करि लाड लडावै
कवहूं हरि सुख सौं सुखलावै। कवहूं हर्षित कंठ लगावै॥
सो निधनी को धन सुत नान्हा। खेलत हंसत रहौ नित कान्हा
कव धौं मधुर वचन कछु कैहैं। कव जननी कहि मोहि बुलैहैं

कब नंदहि कोंह्व बाबा बोलै । खेलत कहूं तउत आंगन डोलै ॥
कब धौं तनक तनक कछु खैहै । अपने कर लै मुख मैं नैहै ॥
का विवि यह अभिलाष पुरावै । मनहीं मन कुलदेव मनावै ॥
किलकत हरि जननी की कनियां । करत चरित्र मात सुखदनियां
तृणावर्त हरि आवत जाना । पठयो कंस सहित अभिमाना

भयो गरू जननी भरपायो । सहन सकी नव भुव बैठायो
अप लगी गृहकाज कछु रखि बिसरि गोपाल
अति प्रचंड बौंडर उठ्यो गोकुल पर तेहि काल
घात चक्र विष आय तृणावर्त मानी असुर
हरि को लियो उठाय अंधधुंध गोकुल कियो
हरि को लै कै गयो अकासा ॥ धूरि धूंध गोकुल चहुं पासा ॥
तहां न तौ नर नारि दिखाने ॥ प्रलय काल सम की रव माने

जसुमति दौरि अजिर में आई ॥ नहीं न पाये कुंवर कन्हाई ॥
नंद नंद करि सोर लगायौ ॥ तेरौ सुत अंधवाय उड़ायौ ॥
दौरौ वेगि गुहार लगावौ ॥ ब्रजवासिन कौं टेर बुलावौ ॥
अति व्याकुल खोजत नंदरानी ॥ जित तित फिरत भवन बिललानी ॥
तृणावर्त्त कौं हरि यौं कीन्हो ॥ ग्रीव लपटि निज्हिनीचै लीन्हो ॥
कठिन शिलापर ताहि गिरायौ ॥ ताके ऊपर आपुन आयौ ॥
चूर चूर करि ताके गाता ॥ कीन्हौं मुक्त मुक्ति के दाता ॥
धूरि धुंध सब तुरत विनासी ॥ खोजत होरहि विकल नगवासी ॥
ब्रजवनिता उपवन में पाये ॥ लिये उठाय कंठ लपटाये ॥
ल्याइ आतुर जसुमति पै ल्याई ॥ हुई भई घर घर आनंद बधाई ॥

लिये धाय कै माय नैं छतिया रही लगाय ॥
नंद निरषि सुख पाय कै मन सौं बहुतक गाय ॥
वारि वारि ब्रजनारि देहिं वसन भूषण मगन ॥
जित तित कहैं विचारि नयौ जन्म हरि कौं भयौ ॥

उबस्यौ स्याम महरि बड़भागी ॥ देखौ धौं कहुं चोट न लागी ॥
ऐगलेरूं वलि जाउं कन्हाई ॥ हरि हैं ब्रज के जीवन माई ॥
भलौ न प्रकृति जसोदा तेरी ॥ इकलौ हरि कौं छांड़ति हेरी ॥
घर कौ काज इनहु तैं प्यारौ ॥ वैरी अजहूं सुरति संभारौ ॥
वहत बच्यौ री आज कन्हाई ॥ भयौ पूर्वलौ पुण्य सहाई ॥
जसुमति सब सौं कहत लजानी ॥ अब मैं सीख तिहारी मानी ॥
मोहिं कहां तौ यह सुख माई ॥ मैं तौ रंक परी निधि पाई ॥
अब मैं अपनो लाल न्हि चैनै हौं ॥ एकौ क्षण काहू न पतिये हौं ॥
ऐसें कहि सब सौं नंदरानी ॥ कीन्ही विदा सकल सनमानी ॥
जसुमति हरि कौं गोद षिलावै ॥ देखि देखि मुख नैन सिरावै ॥
अति कोमल स्याम तन देखी ॥ वारवार पछितात विसेषी ॥

कैसें बच्यौ जाउं बलिहारी । तृणावर्त्त को घात निवारी ॥
नाजानौं कोहि पुण्य नेको करि रोत सहाये ॥
कियो काम सब पूतना तृणावर्त्त यह भाय
मातदुखित जिय जानि कृपासिंधु करुणाभवन
वालिचरित सुखदानि करन लगे सुन्दर परम

खेलत मात उछंग कन्हाई । करत बाल लीला सुखदाई ॥
जननीवेसर लटकत देखी ॥ चितवत ताहि विसारि निमेषी
ताहि गहन कौं पाणि चलायौ तव जननी कछु वचन उचारयो
नहि पहुँचत वसन निउकनाई सो छवि निरषि मात वलिजाई
जननी वदन निकट करि लीनौं तव हरि हुलसि किलकि हंसि दीनौं
विहसत चमकि परी दुधदंतियां जनो विज्जु बीज की पंतियां
प्रमुदित निरषि जसोदा फूली प्रेम मगन तन की सुधि भूली
वाहिर तें तव नंद बुलाये ॥ परमानंद सहित उठि धाये
हो पति सुफल करो दृग आई देषहु सुत सुख दंतुलि सुहाई
हर्षित हरि हि गोद नंद लीनौं निरषि ताल सुख हरि हंसि दीनौं
देखत वदन नैन सिय राने ॥ दूध दांत धौं छवि के दाने ॥
अहो महरि वड़ भाग तुम्हारे सुफल फये मन काज हमारे ॥

कछु दिन घट षट मास के भये श्याम सुखदान ॥
अन्न पराशन को दिवस बूझहु विप्र विद्वान ॥ ॥
सुनि पुलके नंदराय भये परासन योग हरि ॥ ॥
प्रेम रह्यौ उरछाय सो सुख कापै जाय कहि ॥

अथ अन्न परासन लीला

मात कह्यो उठि विप्र बुलायो ॥ पोस वूझि सुभ दिवस धरायो
असुमनि सोदिन अबको पायो । सखिन बोलि सुभगान करायो

युवतिमहरि कौं गारी गावैं । और महर कौ नाम सुनावैं ॥
मणि कंचन के थार मंगाये । भांति भांति के वासन आये ॥
नंद घरनि व्रज वधू वुलाई ॥ जे सब अपनी जानि सुहाई
कोउ जिवनारि कोउ पकवाना । खटरस के वहु करत विधाना
वहु प्रकार के विंजन आने ॥ जिन के स्वादन जाइ वखाने
अति उज्जल कोमल सुठि नीके । किये विविधि विधि मनहू अमी के
जसुमति नंदहि वालि कह्यौ तव । वोलहु महर जाति अपनी सव
आइ गये उपनंद सकल घर ॥ ल्याये वोलि सवन आदर कर
वैठारे सव आन अथाई ॥ भीतर गये आप नंदराई ॥
जसुमति हरि कौं उवटि न्हवाये । सुन्दर पट भूषण पहिराये ॥

तन झंगुली सिर चौतनी कर चूरा दुहु पाय ॥
वारवार सुख निरषि के जसुमति लेत वलाय
लै वैठे नंदराय जानि सुभरी गोद हरि ॥ ॥
लीने सदन वुलाय गोप सकल आनंद भरे ॥

वैठे सकल गोप गन आई ॥ अति आनंद मगन नंदराई
कनक थार भरि खीर धराई । मिसरी घृत मधु डारि मिलाई
लगे नंद हरि मुख जुठरावन । गोप वधू लागी सब गावन ॥
आंगन वाजी विविधि वधाई ॥ शंख निशान भेर सहनाई ॥
षटरस के विंजन है जेते ॥ करि के अधर छुवाये तेते ॥
तनक अधर जल पोंछि सुहाये । हरि कौं जसुमति पै पहुंचाये
हर्षवंत युवती सचु पाये ॥ लै लै मुख चूमति उर लाये ॥
विप्रन वोलि दछिणा दीनी ॥ नाना वस्तु निछावर कीनी ॥
गोपन संग महर नंदराई ॥ वैठे पनवारे पर जाई ॥ ॥
अति रुचि सवहिन भोजन कीनौं । वीरा वहुरि सवन कौ दीनौं ॥
गोपवधू सव महर जिमाई ॥ दै कर पान सुगंध सिंचाई ॥

इहि विधि सुख विलसैं ब्रजवासी। निरखैं स्याम सुभग सुखरासी

सुर सिहाँहि ललचाँहि सुनि लखि ब्रजजन के भाग
धन्य धन्य कहि सुमन झरि करहि सहित अनुराग
नित नव मंगलचार नित नव लीला स्याम की
को कवि बरनै पार सेषन पावै पार जिहि॥

नेति नेति जिनकौं स्रुति गावैं। तिन्हकौं ब्रज जन गोद खिलावैं
सो सुख नंद भवन के माहीं॥ तीनि लोक महँ सो कहुँ नाहीं
नित नयौ सुख जसुमति पावैं। नये नये नित लाड़ लड़ावैं॥
नैन ओट होइ कर तन कैसे॥ जुगवत है फणि मणि कौं जैसे
चितवत निमिष होत पल ओटा। निरखत ही सुख पाय निठोटा
तनक कपोल अधर अरुनारे। मनक तनक कच घूघर वारे॥
कुटिल भृकुटि की रेख सुहाई॥ मसि बिंदु कना पर सुखदाई
नयन नासिका भाल विशाला। कल बल बोल मि परम रसाला
अल्प दसन चिबुक रद ग्रीवा। तन घन स्याम मृदुल छबि सीवा
मात निरखि नैनन सुख पावै। प्रेम विवश भति गति बिसरावै
निरखि रूप जब मनु अनुरागै। कहत कहूँ मम दीठ न लागे॥
नख पेंच राजन लै न छिपाई॥ डारति वार लौन बहराई॥

कबहुँ झुलावति पालनै कबहुँ खिलावति गोद
कबहुँ सुलावति पलंग पर जसुदा सहित विनोद
नित प्रति ब्रज की बाम आवै जसुमति के सदन॥
सुदिन निरखि घनस्याम लै लै गोद खिलावहीं

इहि बिधि बिहरत बालकन्हाई। कछु दिन में सकल सुखदाई॥
लागे चलन निघुटनि वन आंगन। लगे मात सौं माखन मांगन॥
खेलत मणिमय आंगन माहीं। देखत हँसत वदन निज परछाहीं
कबहुँक ताकहँ पकरन धावैं। जानु पाणि विचरत छबि पावैं

कवहूं किलक तात मुख पेखै । कवहूं हंसि जननी तन देखै
कवहूं वुलाय लेत नंदराई । कवहूं जननि ढिग आवत धाई
कवहूं किलक अनत रुचि भाजै । गिरत परत घुटुवन छवि छाजै
कवहूं कजात जहां बलभाई । खेलत गोपग्वाल समुदाई ॥
कवहूं कहत कछु तोतर वाता । सुनत होत सुख पूरण गाता ॥
कहन चहत कछु प्रगट न आवै । माखन मांगत सैन बतावै ॥
मात समुद्र सफल तै लेई ॥ कछु खवाइ कछु कर धर देई
खेलत खात कान्ह मणि अंगना । इत उत करत घुटनियन रिंगना

करचूरा पग पैंजनी तन रंजित रज पीत ॥
उर हार नख कौटि किंकिणि मुख मंडित नवनीत
झुनत चकित चित चाय वजत पैंजनी शब्द सुनि
सूर सुनि रहत लुभाय बाल कृष्ण के चरित लखि

खेलत आंगन बाल गुविंदा । तात मात उर करत अनंदा ॥
चलत पाणि पद की परिछाहीं । प्रतिविंवत मणि आंगन माहीं
मनहुं सुभग छवि मोहन पाई । जलज माझ जनु लेत भुराई ॥
किधौं जानि पद कोमल नासन । धरि धरि देन कमल के आसन
निरषि सुभग सोभा सुखदनियां । लिये हरषि सादर नंदरनियां
नील जलज तन सुन्दर स्यामा ॥ सुभग अंग सब छवि के धामा
अरुण तरन नखजोति सुहाई । कोमल कमल चरण सुखदाई
रुनझुनि पैंजनि पायन राजै । मनसिज यंत्र सुनत सुर लाजै ॥
कटि किंकिणि जटित रचकारी । पीत झगुलिया सुभग संवारी
कर कमलनि चूरा छवि छाजै । रुचिर बाहु भूषण अति राजै ॥
कठुला कंठ हीर वर सुहाये । कुच विच पदक मनोहर सुहाये
चारु चिवुक दंतवरनि न जाई । गोल कपोल परम छवि छाई
अरुण अधर अधिक दुसन दुति [illegible] हसन में होत

मानहु सुन्दरता सदन रूपरत्न की रीति ॥ ११ ॥

सो० मधुर तोतरे बैन श्रवणसुखद सुनि मनहरन
सुनत होत मन चैन समुझत कछू बनै नहीं ॥

नासा सुभग कमलदल लोचन । भाल बिशाल तिलक गोरोचन ॥
भ्रुकुटि निकट मसि बिंदु किलक्यौ । अलि सावक सो सोयन जाग्यौ ॥
लाल चौतनी सीस सुहाई । विविधि रंग मणि गण लटकाई ॥
बालदसा के कच घुंघुरारे । छिटकि रहे कछु घूम घुमारे ॥
मंजुल नारन की चपलाई । बाल दसा की ललित सुहाई ॥
चंदवदन सुखसदन कन्हाई । निरखि नंद आनंद अधिकाई ॥
कहन चूमि उर सो लपटायो । सोसुख कापै जात बतायो ॥
ब्रजयुवती सब चितवन ठाढी । मनहु चित्र पुतरी लिखकाढी ॥
प्रेममगन नंदसुवन निहारैं । गृहकाज की सुरत बिसारैं ॥
ब्रजयुवती हरि सो मन लावैं । नंदसुवन सबके मन भावैं ॥
ब्रजवासी प्रभु सबके नायक । प्रेम विवस जन के सुखदायक ॥
बालचरित लखि सुरसुख पावैं । योग दृश्य सनकादि भुलावैं ॥

करत बाल लीला ललित परम पुनीत उदार
सुन्दर स्याम सुजान हरि भक्तन के आधार ॥
कापै बरन्यौ जाय बालचरित नंदलाल को
कहन सकहि न गाय शेष कोटि सादर सहस ॥

अथ नाम करन लीला

एक दिन श्री वसुदेव विज्ञानी । पठये बोलि गर्ग मुनि ज्ञानी ॥
करि पूजा विधिवत बैठायो । युग पद कमल सीस सब नायो ॥
यह हरि कह्यौ सुनिये ऋषिराई । जब तैं भयो कंस दुखदाई ॥
तब तें गोकुल नंद अवासा । जाय रोहिणी कियो निवासा ॥

जाकेगर्भजन्म सुतलीनो ॥ कंसत्रास सौंप्रगटनकीनो ॥
नामकरण ताकौ अवताई ॥ भयौनाहिं तुम विनागुसाई
करिकैकृपातहां प्रभुजैयै ॥ ताकौनामराखि के ऐयै ॥
सुनिवसुदेववचन सुखपायौ हर्षसहित मुनिगोकुलआयौ
नंदरायऋषि आगमजान्यौ अपनोवडौभाग्यकरिमान्यौ
चरणधोय चरणोदकलीनो ॥ अर्घासनअति हितकरि दीनो
वडीकृपा कीन्हीऋषिराजू ॥ मोसम धन्य आन नहीं आजू ॥
अति पुनीतभोजनवनवायो। विविधि भाँति ऋषिरायजिमायो

बहुरि महरि ऋषिराय सों कह्यो जोरि कर दोय
केहि काज प्रभु आगमन कह्यो कृपा करि सोय
तब बोले ऋषिराज पठये हैं वसुदेव मोहिं॥
नामकरण के काज सुभग रोहिणीसुवन कों

सुनत नंद अति भये सुखारे। लै आये कनियां दोउ बारे॥
मुनि चरणन मेले दोउ भाई। दै असीस प्रमुदित ऋषिराई॥
हरि की छवि अति आनंदकारी। देखि रहे मुनि पलक बिसारी॥
प्रथम नंद बलि हाथ दिखायो। जन्म दिवस मुनि पास सुनायो॥
देखि गर्ग उठि कियो विचारा। है यह सिसु सब जग नृपधारा॥
अति सुभ लक्षण बलको धामा। धर्यो नाम तिनको बलिरामा॥
बहुरि नंद चरणनि सिर नायो। कह्यो कि ऋषि मम भाग नि आयो॥
तुम सर्वज्ञ अहो मुनि नाथा। देखिय या बालक को हाथा॥
मुनिवर देखत चित्त भुलान्यो। प्रेम मगन सब तन पुलकान्यो॥
पुनि पुनि हरि को बदन निहारी। बोल्यो मुनिवर सुत संभारी॥
धन्य नंद धनि मात जसोदा॥ धनि धनि धन्य खिलावत गोदा॥
सुनहु नंद मैं सत्य बखानों॥ इनको तुम सुत करि मत मानो॥

रूपरेख जाके नहीं अज अखंड अनूप॥
सो भक्तनहित अवतरे उ निज इच्छा मनरूप॥
इनतें बड़ो न कोय ये करता सब जगत के॥
जो ये करैं सो होय तुमसों हम सांची कहैं॥

इनके नाम अमित जग माहीं॥ नंद पि कहों मैं कछु तुम पाहीं॥
इन पहिले वसुदेव के धामा॥ लियो जन्म सुन्दर वर स्यामा॥
ताते वासुदेव इक नामा॥ सो सुमिरत अघ पावहिं कामा॥
कलिहिं कृष्ण बहुरि जग माहीं। जाके सुमिरत पाप नसाहीं॥
अरु ये जैसे कर्म निकरि हैं॥ तैसे नाम जगत बिस्तरि हैं॥

दुष्ट दलन संतन सुख दाता॥ भूमि भार हरी है दोउ भ्राता॥
तुम कबहूं तप कर यह मांगा। तुमहिं खिलावैं अति अनुरागा।
ताते सुत करि तुम ये पाये॥ मत जानो इनको निज जाये॥
ये अति सुख दाता ब्रज केरे । करि हैं ये आनंद घनेरे ॥
मुनि ऋषि सुख हरि यश सुख रासी। आन देव सब ब्रज के वासी॥
सुनत नंद जसुमत सुख पायौ। मुनि चरणनि कौं सीस नवायौ।
बहुत भेंट लै आगे राखी॥ अस्तुनि बहुत भांति सों भाखी।

विदा भये ऋषिराज तब नंद भाग्य बड़ भाखि
चले मधुपुरी कौं हरषि हरी मूरति उर राखि
कह्यौ हरषि ऋषिराय सब वृतांत वसुदेव कौं
सुनत बहुत सुख पाय ऋषिहिं पूजि कीन्हे बिदा

जसुमति समुझि गर्ग की बानी। आपनि अति बड़ भाग निजानी।
हरि कौं लै उर सौं लपटायौ। प्रमुदित अस्तन पान करायौ।
